Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 341 ▫ रायपुर, सोमवार 5 जनवरी 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

### छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग भर्ती घोटाले में सीबीआई ने फाइनल चार्जशीट में किया खुलासा

## परीक्षा नियंत्रक ने साल भर पहले एजेंसी से हासिल कर लिया था प्रश्न पत्र, बारनवापारा में कराई गई थी परीक्षा की तैयारी

**रायपुर,** 5 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग भर्ती घोटाले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने विशेष कोर्ट में 400 पन्नों की चार्जशीट पेश की है। इसमें तत्कालीन सीजीपीएससी अध्यक्ष टामन सोनवानी, परीक्षा नियंत्रक, सचिव और उद्योगपतियों समेत कुल 13 लोगों को आरोपी बनाया गया है। जांच में प्रश्नपत्र लीक, विशेष परीक्षा केंद्र और रिश्तेदारों को लाभ पहुंचाने जैसे कई खुलासे किए गए हैं।

सीबीआई की चार्जशीट के अनुसार, सीजीपीएससी भर्ती घोटाला पूरी तरह से सुनियोजित और संगठित साजिश का परिणाम था। प्रश्नपत्र लीक कराने के बाद चयनित अभ्यर्थियों को डिप्टी कलेक्टर और अन्य राजपत्रित पदों पर नियुक्त कराने के लिए बारनवापारा के आलीशान रिसॉर्ट को विशेष परीक्षा केंद्र बनाया गया। जांच में सामने आया है कि इस विशेष केंद्र पर अभ्यर्थियों के ठहरने, आवागमन और अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी कारोबारी उत्कर्ष चंद्राकर ने निभाई थी। चार्जशीट के अंतिम हिस्से में उत्कर्ष चंद्राकर को भी औपचारिक रूप से आरोपी बनाया गया है। हालांकि वह अब तक फरार है।

**एजेंसी से चालाकी से हासिल किया प्रश्नपत्र**- सीबीआई की जांच में चौंकाने वाला खुलासा यह भी हुआ है कि सीजीपीएससी 2020 के लिए तैयार किया गया प्रश्नपत्र परीक्षा नियंत्रक द्वारा संबंधित एजेंसी से साल भर पहले ही हासिल कर लिया गया था। एजेंसी के संचालक ने अपने बयान में सीबीआई को बताया कि परीक्षा नियंत्रक ने उनसे प्रश्नपत्र दिखाने के लिए बुलाया




था। इस दौरान उन्होंने इसकी कॉपी कर ली और प्रश्नपत्र लौटा दिया। सबसे गंभीर बात यह है कि इस प्रश्नपत्र की कोई आधिकारिक एंट्री नहीं की गई और बाद में इसी प्रश्नपत्र का उपयोग सीजीपीएससी 2021 की मुख्य परीक्षा में कर लिया गया। सीबीआई के अनुसार, यह प्रश्नपत्र पहले ही लीक हो चुका था और इसकी जानकारी तत्कालीन अध्यक्ष टामन सोनवानी के रिश्तेदारों तक पहुंच चुकी थी।

**व्हाट्सएप चैट से भी हुआ खुलासा**- इस लीक का खुलासा टामन सोनवानी के भतीजे विनीत और उसकी पत्नी स्वेता के बीच हुई वाट्सएप चैट से भी हुआ, जिसे जांच का अहम आधार बनाया गया। चैट से यह स्पष्ट हुआ कि परीक्षा से पहले ही प्रश्नपत्र और मॉडल उत्तर कुछ लोगों के पास मौजूद थे।

**रिश्तेदारों को सीधे पहुंचाया लाभ**- सीबीआई की जांच में यह भी सामने आया कि तत्कालीन सचिव जीवन किशोर ध्रुव ने अपने बेटे सुमित ध्रुव को प्रश्नपत्र और मॉडल उत्तर पहले ही उपलब्ध करा दिया था। इसी का परिणाम रहा कि सुमित ध्रुव का चयन डिप्टी कलेक्टर पद पर हो गया। तलाशी के दौरान उनके घर से प्रश्नपत्र और उत्तरों की फोटोकॉपी भी बरामद की गई। इसी तरह तत्कालीन अध्यक्ष टामन सोनवानी पर अपनी बहू मीशा कोसले और दीपा आदिल को चयन में लाभ पहुंचाने का आरोप है। चार्जशीट में नेहा और निखिल खलखो के चयन को भी संदिग्ध बताया गया है।

इस मामले में सीबीआई ने जिन आरोपितों के खिलाफ फाइनल चार्जशीट दाखिल की है, उनमें जेल में बंद तत्कालीन सीजीपीएससी अध्यक्ष टामन सोनवानी, उद्योगपति श्रवण कुमार गोयल, तत्कालीन सचिव जीवन किशोर ध्रुव, उनके बेटे सुमित ध्रुव, परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक, टामन सोनवानी का भतीजा नितेश सोनवानी, शशांक गोयल, उसकी पत्नी भूमिका कटियार, साहिल सोनवानी, एक्जाम कंट्रोलर ललित गणवीर, मीशा कोसले, दीपा अजगले आदिल और उत्कर्ष चंद्राकर शामिल हैं।

### सोनवानी के 5 रिश्तेदारों को नौकरी

आरोप है कि इसमें तत्कालीन चेयरमैन सोनवानी के पांच रिश्तेदार बेटे नीतेश और बहू निशा कोसले का डिप्टी कलेक्टर, भाई की बहू दीपा अगजले का जिला आबकारी अधिकारी, बहन की बेटी सुनीता जोशी का श्रम अधिकारी एवं बड़े भाई के बेटे साहिल सोनवानी का चयन डीएसपी के पद पर हुआ था।

### पूर्व गृहमंत्री ने हाईकोर्ट में दायर की थी याचिका

इस मामले का उल्लेखनीय पहलु यह है कि सीजीपीएससी परीक्षा 2021 के परिणाम की घोषणा के बाद जब घोटाले के आरोप लगने लगे, तभी छत्तीसगढ़ के पूर्व गृह मंत्री ननकी राम कंवर ने हाई कोर्ट में याचिका दायर करके घोटाले की जांच की मांग की। हाई कोर्ट ने भी इस मामले को गंभीर माना और इसकी जांच के आदेश दिए। हालांकि जांच के अभी भी आधे अधूरे होने के आरोप लग रहे हैं। माना जा रहा है कि जो प्रश्नपत्र लीक हुआ है, उसका लाभ अन्य अभ्यर्थियों को भी पहुंचाया गया है। सघन जांच की जाए तो और भी खुलासे हो सकते हैं।

### 29 अभ्यर्थियों को बनाया गवाह

हालांकि, परीक्षा में शामिल 29 अभ्यर्थियों को इस मामले में आरोपी नहीं बल्कि गवाह के रूप में प्रस्तुत किया गया है। गौरतलब है कि सीजीपीएससी परीक्षा 2021 के माध्यम से कुल 171 पदों पर भर्ती की गई थी। प्रारंभिक परीक्षा में 2565 अभ्यर्थी सफल हुए थे, जबकि मुख्य परीक्षा में 509 उम्मीदवारों ने सफलता हासिल की थी। इंटरव्यू के बाद 170 अभ्यर्थियों की अंतिम चयन सूची जारी की गई थी।

## बिल अटकाकर ठेकेदार से मांगी रिश्वत पैसा लेते कैमरे में कैद हुए एसडीओ



**दुर्ग,** 5 जनवरी (हाईवे चैनल)। सरकारी अधिकारी-कर्मचारी किस कदर भ्रष्टाचार में लिप्त है और बिल पास करने के नाम पर किस तरह रिश्वत ले रहे हैं, इसका ताजा मामला दुर्ग जिले में सामने आया है। अमृत जल जीवन मिशन के तहत कार्यरत एसडीओ एमए खान ने एक ठेकेदार से 1 लाख 20 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। ठेकेदार ने रिश्वत तो दी, लेकिन कैमरे के सामने ठेकेदार ने एसडीओ को रिश्वत देते हुए वीडियो बना लिया। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

दरअसल एसडीओ एमए खान ने ठेकेदार के हर बिल को पास करने के बदले 11 प्रतिशत कमीशन की मांग की थी। ठेकेदार ने जब 11% कमीशन नहीं दिया तो उसका बिल अटका दिया गया। इससे परेशान होकर ठेकेदार ने एसडीओ को रिश्वत दी और इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया। वीडियो में एसडीओ स्पष्ट रूप से रकम लेते दिखाई दे रहे हैं। फिलहाल एसीबी में इसकी शिकायत नहीं पहुंची है, लेकिन एसीबी इस पर स्वत: संज्ञान लेने के लिए जिले के अधिकारियों से सम्पर्क कर रही है। एसीबी ने वायरल वीडियो के संबंध में जानकारी मंगाई है।

## हाईवा की चपेट में आने से बाइक में पीछे बैठी महिला की मौके पर मौत




**रायपुर/अभनपुर,** 5 जनवरी (हाईवे चैनल)। जिले से दुखद खबर सामने आ रही है, यहां अभनपुर-रायपुर मुख्य मार्ग पर भीषण सड़क हादसा हो गया है। हाईवा की चपेट में आने से बाइक सवार महिला की मौत हो गई है।

जानकारी के अनुसार मृतक महिला की उम्र 56 वर्षीय मृतिका बैशाखिन बघेल जुलुम टेकारी की रहने वाली थी, जो बाइक में पीछे बैठकर कहीं जा रही थी, तभी मानफर्ट स्कूल के पास हाइवा से टक्कर के बाद महिला बैंक से गिरकर पहिए के नीचे आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहे व्यक्ति को स्थिति सामान्य है। अभनपुर पुलिस मौके पर पहुंची, हाईवा को किया जब्त कर महिला के शव को मर्चुरी भेजवाया गया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### सीएम हाउस में मुख्यमंत्री साय का जनदर्शन 8 को




**रायपुर,** 5 जनवरी (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री निवास कार्यालय रायपुर में 8 जनवरी यानी गुरुवार को जनदर्शन का आयोजन किया जाएगा. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इस अवसर पर प्रदेशवासियों से सीधे संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आम नागरिकों से सीधे संवाद करेंगे और उनकी समस्याएं सुनेंगे. वह जनदर्शन के दौरान प्राप्त होने वाले प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं. उन्होंने कहा कि जनदर्शन शासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करता है और इसका उद्देश्य लोगों को समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान उपलब्ध कराना है।

### दुर्ग रेलवे स्टेशन पर दर्दनाक हादसा, मालगाड़ी की चपेट में आने से टेक्नीशियन की मौत

**दुर्ग,** 5 जनवरी (हाईवे चैनल)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के दुर्ग रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह एक हार्टब्रेकिंग हादसा हुआ। ड्यूटी पर तैनात एक रेलवे कर्मचारी मालगाड़ी की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना से मिली जानकारी के अनुसार घटना प्लेटफार्म नंबर ६ के पास सुबह करीब ९ बजे हुई। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, एक खाली मालगाड़ी किलोमीटर संख्या ८६५/२७ (रायपुर एंड) के पास से गुजर रही थी। इसी दौरान टेक्नीशियन ट्रैक पर आ गए और हादसे का शिकार हो गया। मृतक की पहचान अजय कुमार के रूप में हुई है। वे रेलवे में टे1नीशियन ग्रेड-१ (ट्रेन लाइटिंग स्टाफ) के पद पर कार्यरत थे।




**चूहा- सुनती हो, गणतंत्र दिवस परेड के लिए अब टिकट की बिक्री शुरू हो रही है।**

**चुहिया- हां जी, स्वतंत्रता दिवस और संविधान निर्माण की खुशियां भी मुफ्त नहीं मिल सकती।**

## सेंट्रल जेल में कैदी ने लगाई फांसी, धरने पर बैठे परिजन



**जेल प्रशासन पर प्रताड़ना का लगाया आरोप**

**रायपुर,** 5 जनवरी (हाईवे चैनल)। सेंट्रल जेल रायपुर में एक विचाराधीन कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक पॉक्सो एक्ट में बंद कैदी सुनील महानंद ने 5 नंबर बैरक में फांसी लगाकर आत्महत्या की है। बताया जा रहा है कि यह घटना रविवार शाम करीब 6 बजे की है। पूरा मामला गंज थाना क्षेत्र का है।

इस मामले को लेकर मृतक के परिजनों ने जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। साथ ही न्याय की मांग को लेकर जेल के बाहर धरने पर बैठे हैं। परिजनों का कहना है कि जेल में लगातार प्रताड़ना दी जा रही थी, जिससे तंग आकर सुनील महानंद ने यह कदम उठाया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि बिना सूचना दिए शव को चोरी-छिपे मर्चुरी भेज दिया गया और उन्हें देर रात मौत की जानकारी दी गई।

घटना के बाद आज केंद्रीय जेल के बाहर परिजनों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। मृतक के समर्थन में छत्तीसगढ़ उत्कल गाड़ा समाज के लोग भी मौके पर पहुंचे हैं। समाज और परिजनों का आरोप है कि सुनील महानंद को फर्जी मामले में फंसाया गया था। जेल में बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। मृतक की पत्नी ने बताया कि दो दिन पहले ही उन्होंने सुनील से मुलाकात की थी, उस दौरान सुनील ने जेल में प्रताड़ना की बात कही थी। वहीं मृतक की मौसी ने भी बताया कि मुलाकात के दौरान सुनील काफी उदास और परेशान नजर आ रहे थे।

## भाजपा विधायक के बेटे ने बाइक सवार युवक को कुचला, युवक गंभीर रूप से घायल



**आरोपी हिरासत में**

**रायपुर,** 5 जनवरी (हाईवे चैनल)। म राजधानी रायपुर में एक बार फिर से हिट एंड रन का मामला सामने आया है. इस मामले में पुलिस ने भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह के बेटे लक्की सिंह को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ कर रही है. वहीं अन्य 3 आरोपियों की तलाश जारी है.

जानकारी के मुताबिक, मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है. रविवार-सोमवार की दर्मियानी रात अग्रसेन धाम के पास लगभग 2 बजे एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को कुचल रौंद दिया. इस घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. फिलहाल अस्पताल में उसका इलाज जारी है. बताया जा रहा है कि कार में विधायक पुत्र लक्की समेत 2 युवक और 2 युवती सवार थे. इस दौरान विधायक के बेटे लक्की कार ड्राइव कर रहे थे. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मुख्य आरोपी लक्की (विधायक पुत्र) को हिरासत में लिया. वहीं अन्य तीन लोग मौके से फरार हो गए. तेलीबांधा थाना प्रभारी अविनाश सिंह ने बताया कि मामले में विधायक लक्की सिंह (आरोपी) के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है. साथ ही उसके साथी आरोपियों की तलाश भी की जा रही है. जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा.

## खाटू श्यामजी जा रहे श्रद्धालुओं की कार दुर्घटनाग्रस्त, 3 की मौत, 4 गंभीर घायल



**नई दिल्ली,** 5 जनवरी (न्यूज चैनल)। राजस्थान के सीकर जिले के रींगस-खाटूश्यामजी मार्ग पर रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। घने कोहरे के कारण सवारी गाड़ी और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें 3 लोगों की मौके पर मौत हो गई और 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे में मृतकों की पहचान गौरव सैनी, अजय सैनी (निवासी चौमूं पुरोहितान) और अजय देवंदा (निवासी रींगस) के रूप में हुई है। गौरव और अजय सैनी आपस में दोस्त थे और खाटूश्यामजी दर्शन के लिए जा रहे थे, जबकि अजय देवंदा सवारी गाड़ी का चालक था। घायलों को पहले रींगस और खाटूश्यामजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया, जिसके बाद गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जयपुर रेफर किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात सुचारू कराया और दोनों वाहनों को थाने ले जाया गया।

### उमर-शरजील इमाम को जमानत नहीं अदालत ने पांच अन्य को दी राहत



**नई दिल्ली,** 5 जनवरी (न्यूज चैनल)। सुप्रीम कोर्ट ने आज दिल्ली दंगों के आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत की पीठ ने इस अहम फैसले में कहा कि लंबे समय तक जेल में बंद रखे जाने के आधार पर जमानत नहीं दी जा सकती। इसके साथ ही अदालत ने कहा कि गवाहों की जांच पूरी होने पर या वर्तमान आदेश की तारीख से एक वर्ष पूरा होने पर खालिद और इमाम फिर से जमानत के लिए आवेदन कर सकते हैं।जानिए कोर्ट ने अपने फैसले में और क्या बातें कहीं सुप्रीम कोर्ट में आज साल 2020 के दिल्ली दंगा मामले में आरोपी बनाए गए उमर खालिद, शरजील इमाम और अन्य की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने फैसले में कहा कि लंबे समय तक जेल में रहना जमानत का आधार नहीं बन सकता। इन दोनों को जमानत देने से इनकार करने के अलावा कोर्ट ने मामले के अन्य आरोपियों- गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद को जमानत दे दी।

## एएसआई पर दबंगई का आरोप, पीड़ित परिवार ने की एसपी से शिकायत



**बिलासपुर,** 5 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में पुलिसकर्मी पर दबंगई और मारपीट का गंभीर आरोप लगाया गया है। पीड़िता बबली शर्मा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय बिलासपुर पहुंचकर मामले की शिकायत की है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पूरा मामला सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम पंधी का है।

पीड़िता बबली शर्मा ने अपनी शिकायत में बताया है कि वह ग्राम पंधी की निवासी है। वह अपने घर पर मौजूद थी। इसी दौरान उनके कोठार के चारों ओर लगाए गए घेरा तार को तारबहार थाने में पदस्थ ,स्ढ्ढ संजय शर्मा, राजीव शर्मा एवं आंचल शर्मा कथित रूप से काट रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया और कोठार को अपना बताया तो आरोपियों ने जबरन तार काटना शुरू कर दिया। पीड़िता के अनुसार उनके ससुर रमेश शर्मा ने जब इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि,स्ढ्ढ संजय शर्मा ने पुलिस की वर्दी का रौब दिखाते हुए लोहे की वस्तु और डंडे से रमेश शर्मा के साथ मारपीट की।

बीच-बचाव करने पहुंची बबली शर्मा और उनके पति हितेश शर्मा के साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि संजय शर्मा ने लोहे की वस्तु से बबली शर्मा के माथे पर वार किया, जिससे उन्हें चोट आई। वहीं राजीव शर्मा ने हितेश शर्मा को लोहे की वस्तु से और आंचल शर्मा ने हाथ-मुक्के और डंडे से पीटकर घायल कर दिया।

## संगीत सोम को बांग्लादेश से मिली जान की धमकी




**नई दिल्ली,** 5 जनवरी (न्यूज चैनल)। भाजपा नेता संगीत सोम को बांग्लादेशी नंबर से बम की धमकी मिली है। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को आईपीएल में खेलने को लेकर संगीत सोम ने आवाज उठाई थी। इसके बाद दी बीसीसीआई को रहमान को लेकर निर्णय लेना पड़ा। अब खबर है कि भाजपा नेता और पूर्व विधायक संगीत सोम को सोमवार, 5 जनवरी 2026 को सुबह लगभग 8ः00 बजे बम की धमकी मिली। धमकी भरा संदेश उनके आधिकारिक सरकारी व्हाट्सएप नंबर पर भेजा गया था। इससे पहले भाजपा नेता संगीत सोम ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीआई) के उस फैसले की सराहना की, जिसमें आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स को बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को रिहा करने के लिए कहा गया था। उन्होंने इसे देश में हिंदुओं और सनातन धर्म के अनुयायियों की जीत बताया। बीसीसीआई का निर्देश उसके सचिव देवजीत सैकिया ने जारी किया, जिन्होंने कहा कि देश भर में हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए बोर्ड ने केकेआर से बांग्लादेशी खिलाड़ी को रिहा करने को कहा है। उन्होंने यह भी कहा कि फ्रेंचाइजी चाहे तो उसकी जगह किसी और खिलाड़ी को शामिल कर सकती है। इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए संगीत सोम ने बीसीसीआई को धन्यवाद दिया और कहा कि इस कदम से एक कड़ा संदेश गया है। केकेआर फ्रेंचाइजी के सह-मालिक बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान को निशाना बनाते हुए भाजपा नेता ने कहा कि अभिनेता को यह समझ लेना चाहिए था कि सनातन मूल्यों के खिलाफ जाकर भारत में रहना स्वीकार्य नहीं है। सोम ने दावा किया कि अधिकांश भारतीय सनातन धर्म का पालन करते हैं और उनके समर्थन ने ही शाहरुख खान को एक प्रमुख हस्ती बनाया है। आलोचना बढ़ने पर बीसीसीआई ने हस्तक्षेप किया और केकेआर फ्रेंचाइजी को निर्देश जारी किए।